कोलकाता परिसर पर हिंदी सप्ताह 2016

14-21 सितम्बर 2016

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता परिसर पर 14-21 सितम्बर 2016 के दौरान हिंदी सप्ताह मनाया गया। 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष कोलकाता परिसर डॉ. के. रंगराजन की उपस्थिति में हिंदी सप्ताह का विधिवत: प्रारंभ करते हुए तत्क्षनिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए हिंदी प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी व कविता पाठ का आयोजन किया गया। कोलकाता परसिर से इन सभी प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों/ अधिकारियों/संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और हिंदी सप्ताह कार्यक्रम को रोचक बनाया। 21 सितम्बर 2016 को हिंदी सप्ताह के समापन समारोह पर कोलकाता परिसर अध्यक्ष डॉ. के.रंगराजन ने अपने संबोधन में प्रशासनिक कार्य अधिकाधिक हिंदी में करने पर बल दिया तथा हिंदी प्रतियोगिताओं के सहभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कोलकाता परिसर पर हिंदी सप्ताह की झलकियां